**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन का किया शुभारंभ, कहा– विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण।**
2. **कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी आज से रांची के दो दिवसीय दौरे पर, सीसीएल के 200 बेड के सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल की रखेंगे आधारशिला, मुख्यमंत्री के साथ करेंगे बैठक।**
3. **भाजपा ने मंईयां सम्मान योजना के कारण राज्य में वित्तीय संकट उत्पन्न होने का लगाया आरोप, ग्रामीण विकास मंत्री ने किया पलटवार, कहा– राज्य की चिंता करना छोड़ दे विपक्ष।**
4. **देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में ऑनलाइन पूजा के नाम पर श्रद्धालुओं से करोड़ों रुपये की ठगी, उपायुक्त ने दिया जांच का आदेश, प्राथमिकी दर्ज।**
5. **जमशेदपुर में चार दिवसीय डॉग शो शुरु, देशभर से विभिन्न प्रजातियों के 470 डॉग ले रहे हैं हिस्सा।**

***************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र में बदलने में भारतीय प्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्‌घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास में और भारत की विकास गाथा में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत हर मोर्चे पर तेज गति से प्रगति कर रहा है।

***************************

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक करेंगे। बैठक में राज्य सरकार और कोल कंपनियों के जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। राज्य सरकार बकाये के संबंध में अपने दावे के साथ जमीन संबंधी मांग भी रख सकती है। केन्द्र सरकार से कोयला रोयल्टी मद में एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाया वसूली को लेकर उठे विवाद के बीच यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अपने दौरे के क्रम में कोयला मंत्री सीसीएल के प्रस्तावित 200 बेड के सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल की भी नींव रखेंगे। वे गांधी नगर कॉलोनी के पीछे कर्मचारियों के लिए बनने वाले आवासों का भी शिलान्यास करेंगे।

***************************

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास कल सुबह फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनकी सदस्यता समारोह के लिए रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में खास तैयारी की जा रही है। समारोह में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इस बीच श्री दास भी रांची पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने के बाद वह एक कार्यकर्ता की तरह पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ही उनके लिए भूमिका तय करेगा।

***************************

भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य में वित्तीय अराजकता पैदा करने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि मंईयां सम्मान योजना की बड़ी कीमत सरकार को चुकानी पड़ रही है।

***************************

इस बीच राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लिए राज्य सरकार की आलोचना करने से बेहतर है कि वे केन्द्र से बकाया राशि झारखंड को दिलाने की पहल करें।

***************************

रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र में कल सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली बच्चों समेत चार लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन ने संबंधित स्कूल गुडविल मिशन विद्यालय के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार की ओर से

7 से 13 जनवरी तक स्कूल बंद रखने के आदेश के बाद भी स्कूल खोले रखने के आरोप में संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्रशासन ने स्कूल को अगले आदेश तक के लिए सील भी कर दिया है। जांच के दौरान बिना मान्यता के स्कूल संचालन किये जाने की पुष्टि हुई है।

************************

रांची पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों से तेल चुराने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि यह गिरोह झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल और ओडिशा में पिछले कुछ महीनों से सक्रिय था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

************************

देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में ऑनलाइन पूजा के नाम पर श्रद्धालुओं से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इस बीच जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने ठगी करने वाली वेबसाइट के संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

************************

देवघर जिले में पंचायत ज्ञान केन्द्रों में फर्नीचर और पुस्तकों की खरीद में अनियमितता की शिकायत पर पंचायती राज विभाग ने जांच शुरु कर दी है। राज्य सरकार ने एक करोड़ चौरासी लाख रुपये की लागत से वित्तीय वर्ष 2023–24 में देवघर के 44 ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की थी। कई ज्ञान केन्द्रों द्वारा फर्नीचर और पुस्तकों की खरीद में मानको का ध्यान नहीं रखने का आरोप है।

************************

गिरिडीह जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पूरा जिला शीतलहर और कोहरे की चपेट में है। लोगों को ठंड से बचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई कदम उठाए गये हैं। उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्था की जानकारी दी।

************************

उधर, चतरा जिले में भीषण सर्दी, पाला और कोहरे की वजह से सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की आर्चरी ग्राउंड में आज जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने डॉग शो का उदघाटन किया। कैनेल क्लब ऑफ इंडिया और एफसीआई की ओर से आयोजित इस डॉग शो में 470 डॉग हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर उपायुक्त ने लोगों को स्ट्रीट डॉग के प्रति भी संवेदनशीलता दिखाने का संदेश दिया।

*********समाप्त*********